-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा अमावस्या मेला चित्रकूट से रास्ता भटकी वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा अमावस्या मेला जनपद चित्रकूट से रास्ता भटकी वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 16.06.2026 को थाना नरैनी पर सूचना हुई कि एक वृद्ध महिला के भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर महिला से नाम पता आदि पूछते हुए थाना नरैनी ले आई। पूछताछ में महिला द्वारा अपना नाम मुन्नी पत्नी जनका निवासी ननौरा थाना जखौरा जनपद ललितपुर बताया। महिला ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ अमावस्या मेला, जनपद चित्रकूट में आई थी, जहां से वह रास्ता भटक गई और यहां पहुंच गई। पुलिस द्वारा तत्काल महिला के बताए गए पते के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया तथा महिला के पति को सूचना दी गई तथा जानकारी प्राप्त हुई कि महिला के परिजन उसकी तलाश करते हुए वापस जनपद ललितपुर चले गए थे। महिला के परिजनों को थाना नरैनी बुलाकर महिला को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। महिला को सकुशल प्राप्त कर परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना नरैनी पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

टीम का विवरण-

1. श्री भास्कर मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना नरैनी
2. कां0 पवन कुमार
3. म0कां0 रमन कुमारी